रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** निम्नलिखित में से किस परिघटना की व्याख्या बोर के मॉडल (Bohr's model) द्वारा की गई है?

Ans A). प्रोटॉन का विवर्तन B). हाइड्रोजन रेखा स्पेक्ट्रम C). न्यूट्रॉन का विवर्तन D). रदरफोर्ड प्रकीर्णन

Correct Answer: B

**Q.2** एक रसायनज्ञ एक नई औषधि के लिए एक कृत्रिम मार्ग डिजाइन कर रहा है और उसे प्रारंभिक सामग्री के रूप में एक कार्बन यौगिक का चयन करना होगा। कार्बन का कौन-सा गुणधर्म उसे इस कार्य के लिए उपयुक्त विभिन्न प्रकार के कार्बनिक अणु बनाने की सुविधा देता है?

Ans A). कार्बन की इलेक्ट्रॉनों को प्रबलता से आकर्षित करने की क्षमता B). कार्बन की सुगमता से इलेक्ट्रॉनों का त्याग करने की क्षमता
C). कार्बन की चार प्रबल सहसंयोजक बंध बनाने की क्षमता D). कार्बन की ऑक्सीजन के साथ द्वि-आबंध बनाने की क्षमता

Correct Answer: C

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

Ans A). Fe – फ्लोरीन B). Pb – लेड C). Ag – आर्गन D). Au – एल्युमिनियम

Correct Answer: B

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राफ, स्थिर तापमान पर एक प्रतिरोधक के लिए ओम के नियम को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है?

Ans A). जब धारा को वोल्टता के सापेक्ष प्लॉट किया जाता है, तो मूल बिंदु से गुजरने वाला एक वक्रित रेखा ग्राफ
B). जब धारा को वोल्टता के सापेक्ष प्लॉट किया जाता है, तो मूल बिंदु से नहीं गुजरने वाला एक सरल रेखा ग्राफ
C). जब धारा को वोल्टता के सापेक्ष प्लॉट किया जाता है, तो एक क्षैतिज रेखा ग्राफ
D). जब धारा को वोल्टता के सापेक्ष प्लॉट किया जाता है, तो मूल बिंदु से गुजरने वाला एक सरल रेखा ग्राफ

Correct Answer: D

**Q.5** एक गोताखोर एक डाइविंग बोर्ड से एक पूल में कूदता है। जल में प्रवेश करने से ठीक पहले, ऊर्जा संरक्षण के नियम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम लागू होता है?

Ans A). गोताखोर की स्थितिज ऊर्जा पूरे समय समान रहती है B). गोताखोर की स्थितिज ऊर्जा में ह्रास, उसकी गतिज ऊर्जा में लब्धि के बराबर होता है
C). गोताखोर के गिरने के दौरान परिवेश में ऊर्जा का ह्रास होता है D). गिरने के दौरान गोताखोर की कुल ऊर्जा बढ़ जाती है

Correct Answer: B

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन किसी बड़े कमरे में प्रतिध्वनि (echo) की स्पष्टता को संभवतः कम कर देगा?

Ans A). कमरे को बड़ा बनाना B). दीवारों पर मोटे पर्दे लगाना C). चिकनी मृत्तिका टाइल लगाना D). दीवारों को हल्के रंग से रंगना

Correct Answer: B

**Q.7** कोई प्रज्वलित बल्ब किस प्रकार की ऊर्जा उत्सर्जित करता है?

Ans A). प्रकाश ऊर्जा B). रासायनिक ऊर्जा C). गुरुत्वीय ऊर्जा D). ध्वनि ऊर्जा

Correct Answer: A

**Q.8** **एक विद्यार्थी आरेख में जंतुओं को उनकी गतिविधि के समय (दिन/रात) और दृश्य अभिलक्षणों के आधार पर वर्गीकृत करता है। कौन-सा कथन सर्वोत्तम तरीके से यह दर्शाता है कि इन मानदंडों के संयोजन से वैज्ञानिक वर्गीकरण के बारे में क्या पता चलता है?**

Ans A). यह सदैव आनुवंशिकी पर फोकस करता है B). यह अतिव्यापन को समाप्त करता है C). यह अनेक परिप्रेक्ष्य की सुविधा प्रदान करता है D). यह अद्वितीय समूह बनाता है

Correct Answer: C

**Q.9** **मनुष्य, चमगादड़ द्वारा उत्पन्न ध्वनि क्यों नहीं सुन सकते हैं?**

Ans A). क्योंकि चमगादड की ध्वनियों की आवृत्ति 20,000 Hz से अधिक होती है B). क्योंकि चमगादड़ की ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz से कम होती है C). यह ध्वनि केवल जल में ही गमन करती है D). मनुष्यों के लिए यह ध्वनि बहुत प्रबल होती है

Correct Answer: A

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सा अंग, तंबाकू उत्पादों के धूम्रपान से सर्वाधिक प्रभावित होता है?**

Ans A). आंत्र B). फुफ्फुस C). मस्तिष्क D). अग्न्याशय

Correct Answer: B

**Q.11** **जब किसी बिंब को उत्तल लेंस के $2F_1$ पर रखा जाता है, तो प्रतिबिंब कहाँ निर्मित होता है?**

Ans A). $F_2$ और $2F_2$ के बीच B). $2F_2$ पर C). अनंत पर D). $F_2$ पर

Correct Answer: B

**Q.12** **सोडियम कार्बोनेट और तनु HCl की अभिक्रिया के संबंध में सही कथन की पहचान कीजिए।**

Ans A). क्लोरीन विमोचित होती है। B). कार्बन डाइऑक्साइड विमोचित होती है। C). कार्बन मोनोऑक्साइड विमोचित होती है। D). हाइड्रोजन विमोचित होती है।

Correct Answer: B

**Q.13** **कार्बन यौगिकों के अध्ययन में मेथेन, एथेन और प्रोपेन क्या दर्शाते हैं?**

Ans A). वर्धमान कार्बन परमाणुओं वाली श्रृंखला B). ऐरोमैटिक कार्बन परमाणुओं वाली श्रृंखला C). मिश्रित धातु परमाणुओं वाली श्रृंखला D). एकल कार्बन परमाणु वाली श्रृंखला

Correct Answer: A

**Q.14** **पौधों में सुक्रोज के फ्लोएम ऊतक में सक्रिय रूप से लोड होने के बाद, जल के उसमें प्रवेश करने का मुख्य कारण क्या है?**

Ans A). फ्लोएम और जाइलम ऊतकों के बीच दाब बराबर हो जाता है B). परासरण दाब में वृद्धि फ्लोएम में जल खींचती है C). मूलों के दाब के निर्माण के कारण जल फ्लोएम में जाता है D). ATP का अधिक उपयोग फ्लोएम में ताप बढ़ाता है

Correct Answer: B

**Q.15** **एक रस्साकशी में, टीम A, टीम B को 300 N के बल से खींचती है। न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार, टीम B, टीम A पर कितना बल लगाती है?**

Ans A). विपरीत दिशा में 300 N B). विपरीत दिशा में 600 N C). समान दिशा में 300 N D). समान दिशा में 150 N

Correct Answer: A

**Q.16** **पादपों में स्पर्श बिंदु से दूर होने वाला संचलन, पादप समन्वय के संदर्भ में क्या सुझाव देता है?**

Ans A). वृद्धि उद्दीपन B). संकेत संचरण C). जल अवशोषण D). प्रकाश संश्लेषण

Correct Answer: B

**Q.17** **कोई तकनीशियन, चुंबकीय क्षेत्र में स्थित किसी चालक में विद्युत धारा की दिशा को उत्क्रमित कर देता है। फ्लेमिंग के वामहस्त नियम के अनुसार, चालक पर बल की दिशा पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). बल समाप्त हो जाएगा B). बल की दिशा अपरिवर्तित रहेगी C). बल की दिशा उत्क्रमित हो जाएगी D). बल सदैव बढ़ेगा

Correct Answer: C

**Q.18** **किसी प्रतिबिंब की स्पष्टता (clarity) की माप को _________ कहा जाता है, जबकि _________ वस्तु के भागों के बीच द्युति अंतर है।**

Ans A). आवर्धन, प्रदीप्ति B). विपर्यास, विभेदन C). प्रदीप्ति, आवर्धन D). विभेदन, विपर्यास

Correct Answer: D

**Q.19** **सादृश्य को पूर्ण कीजिए।**
**प्रकाश सूक्ष्मदर्शी : दृश्य प्रकाश :: इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी : ________**

Ans A). इलेक्ट्रॉन किरणपुंज B). पराबैंगनी प्रकाश C). X किरणें D). लेजर प्रकाश

Correct Answer: A

**Q.20** **'तत्व (element)' शब्द का उपयोग करने वाले पहले वैज्ञानिक कौन थे?**

Ans A). एंटोनी लेवोज़ियर (Antoine Lavoisier) B). जे.जे. थॉमसन (JJ Thomson) C). रॉबर्ट बॉयल (Robert Boyle) D). जॉन डाल्टन (John Dalton)

Correct Answer: C

**Q.21** वेग-समय ग्राफ पर, समय अक्ष के ऊपर क्षैतिज सीधी रेखा वस्तु की गति के संबंध में क्या इंगित करती है?

**Ans** A). नियत त्वरण B). नियत वेग C). वर्धमान वेग D). परिवर्ती दिशा

**Correct Answer: B**

**Q.22** पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों की क्या भूमिका है?

**Ans** A). पादपों की मृत्यु का कारण बनना B). जीवों के मृत अवशेषों को विघटित करना C). अकार्बनिक पदार्थों से कार्बनिक पदार्थों का संश्लेषण करना D). प्रकाश ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित करना

**Correct Answer: B**

**Q.23** तनु अम्ल के साथ एक धातु की अभिक्रिया से हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है। हाइड्रोजन गैस के साथ बनने वाले यौगिक को क्या कहते हैं?

**Ans** A). जल B). क्षार C). लवण D). ऑक्साइड

**Correct Answer: C**

**Q.24** एक विद्यार्थी नम जंगल में शैलों पर उगने वाली हरी मैट (green mats) का अवलोकन करता है। इनमें मूलाभास जैसी संरचनाएं हैं लेकिन वास्तविक जड़ें नहीं हैं। ये पादप संभवतः किस वर्ग को दर्शाते हैं?

**Ans** A). टेरिडोफाइटा (Pteridophyta) B). थैलोफाइटा (Thallophyta) C). जिम्नोस्पर्म (Gymnosperm) D). ब्रायोफाइटा (Bryophyta)

**Correct Answer: D**

**Q.25** एक विद्यार्थी गलती से प्रयोगशाला की मेज पर थोड़ी मात्रा में तनु सल्फ्यूरिक अम्ल गिरा देता है। शिक्षक, अम्ल को उदासीन करने के लिए सोडियम बाइकार्बोनेट पाउडर डालने का सुझाव देता है। कौन-सा उत्पाद इस बात की पुष्टि करता है कि उदासीनीकरण अभिक्रिया हुई है?

**Ans** A). धातु ऑक्साइड का निर्माण B). ऑक्सीजन गैस का निर्माण C). हाइड्रोजन गैस का निर्माण D). कार्बन डाइऑक्साइड और लवण का निर्माण

**Correct Answer: D**

**Q.26** प्रत्येक त्रिज्या r इकाई वाले दो वृत्तों पर एक उभयनिष्ठ बाह्य स्पर्श रेखा खींची जाती है। उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लंबाई 2r इकाई है। वृत्तों के केंद्रों के बीच की दूरी ________ इकाई है।

**Ans** A). $r$ B). $4r$ C). $3r$ D). $2r$

**Correct Answer: D**

**Q.27** यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹10,176 की धनराशि पर 25% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹9,699 B). ₹9,999 C). ₹9,799 D). ₹9,899

**Correct Answer: A**

**Q.28** एक शहर में, X और Y उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में 75% पंजीकृत वोटरों ने वोट डाले। उम्मीदवार X ने 840 वोटों से चुनाव जीता। यदि उम्मीदवार Y को 50% अधिक वोट प्राप्त हुए होते, तो चुनाव बराबरी पर समाप्त होता। शहर में पंजीकृत वोटरों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4800 B). 5230 C). 5700 D). 5600

**Correct Answer: D**

**Q.29** $\Delta ABC$ में, $\angle C = 90^\circ$ और $\tan A = \sqrt{6}$ है, तो $\sin A \times \cos B \times \operatorname{cosec}(A+B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 0 B). $\frac{\sqrt{3}}{2}$ C). 1 D). $\frac{6}{7}$

**Correct Answer: D**

**Q.30** यदि x, 2.6, 5.2 और 10.4 समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1.2 B). 1.3 C). 1.8 D). 2.4

**Correct Answer: B**


**Q.31** दो शहरों A और B के बीच की दूरी 120 km है। एक मोटरसाइकिल राइडर 8 am पर A से B की ओर 21 km/h की चाल से चलना शुरू करता है। एक अन्य मोटरसाइकिल राइडर 9 am पर B से A की ओर 34 km/h की चाल से चलना शुरू करता है। वे किस समय (12-घंटे के घड़ी फ़ॉर्मेट में) एक-दूसरे को पार करेंगे?

**Ans** A). 10:48 am B). 10:15 am C). 11:10 am D). 11:20 am


**Correct Answer: A**

Q.32 नीचे दिए गए दो पाई चार्ट का अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

MARCH MONTH'S SALARY: ₹ 34000




APRIL MONTH'S SALARY: ₹ 35000




संदर्भः
MARCH MONTH'S SALARY = मार्च महीने का वेतन
Education = शिक्षा
Savings = बचत
Grocery = किराने के सामान
Electricity and Phone Bills = बिजली और फोन बिल
Miscellaneous = विविध
APRIL MONTH'S SALARY = अप्रैल महीने का वेतन

मार्च के वेतन से शिक्षा पर खर्च की गई राशि और अप्रैल के वेतन से किराने के सामान पर खर्च की गई राशि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 271:35 B). 272:35 C). 271:33 D). 272:33

Correct Answer: B

Q.33 यदि $94^{0.8} = x$, $94^{0.03} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1.175 B). 0.625 C). 1.225 D). 0.075

Correct Answer: D

Q.34 निम्नलिखित आंकड़ों से, माध्यिका का मान कितना है?

**18, 20, 21, 25, 26, 23 ,29 ,32, 41, 33, 39**

Ans A). 29 B). 25 C). 32 D). 26

Correct Answer: D

**Q.35** $\sin^2 42° + \sin^2 48° + \sec^2 30° - \cot^2 45°$ का मान कितना है?

Ans A). $\frac{4}{3}$ B). $\frac{3}{4}$ C). $\frac{2}{3}$ D). 1

Correct Answer: A

**Q.36** ₹600 की राशि पर 4% वार्षिक ब्याज दर से 2.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50 B). 60 C). 40 D). 70

Correct Answer: B

**Q.37** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 47 है, तो x का मान कितना होगा?

| वर्ग | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 20 | 29 | 22 | 32 | x |

Ans A). 53 B). 30 C). 36 D). 32

Correct Answer: D

**Q.38** पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 36 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 1 B). 4 C). 2 D). 3

Correct Answer: A

**Q.39** एक कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 50 से अधिक लेकिन 58 से कम एक अभाज्य संख्या है। कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 57 B). 53 C). 52 D). 55

Correct Answer: B

**Q.40** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 18% और 65% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 56% और 86% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 53% और 69% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 15%, 60% और 65% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

Ans A). III B). IV C). I D). II

Correct Answer: D

**Q.41** एक पात्र में संतरे के रस और जल का मिश्रण 3 : 5 के अनुपात में है। यदि कुल मिश्रण 168 L है, तो इस मिश्रण के कितने लीटर को जल से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि अनुपात 2 : 5 हो जाए?

Ans A). 38 L B). 45 L C). 40 L D). 42 L

Correct Answer: C

**Q.42** एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 81% की वृद्धि होती है और टीवी की कीमत में 47% की कमी होती है, तो 4 वॉशिंग मशीनों और 3 टीवी की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?

Ans A). 2.1% की कमी B). 3.2% की वृद्धि C). 5.4% की कमी D). 4.2% की वृद्धि

Correct Answer: D

**Q.43** युवराज एक निश्चित राशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर जमा करता है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष के अंत में युवराज को कुल ₹34,668 प्राप्त होते है। युवराज द्वारा जमा की गई राशि कितनी थी?

Ans A). ₹23,641 B). ₹23,925 C). ₹23,790 D). ₹24,075

Correct Answer: D

**Q.44** किसी गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल, संख्यात्मक रूप से एक दूसरे गोले के आयतन के बराबर है। यदि पहले गोले की त्रिज्या 7 cm है, तो दूसरे गोले की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\sqrt[3]{147}$ B). $\sqrt{147}$ C). $\sqrt[3]{174}$ D). $\sqrt{174}$

Correct Answer: A

**Q.45** एक कंपनी के पास किसी निश्चित वस्तु को पैक करने के निम्नलिखित दो विकल्प हैं:
बॉक्स A: 5 cm कोर वाला घनाकार बॉक्स
बॉक्स B: l = 6 cm, b = 4 cm और h = 3 cm वाला घनाभाकार बॉक्स
बॉक्स बनाने के लिए आवश्यक कार्डबोर्ड का लागत ₹10/cm² है। हालांकि, मोड़ने और घुमाने के कारण, बॉक्स A में 10% अधिक कार्डबोर्ड, जबकि बॉक्स B में 15% अधिक कार्डबोर्ड का उपयोग होता है। कार्डबोर्ड की कुल लागत को न्यूनतम करने के लिए कंपनी किस बॉक्स को प्राथमिकता देगी और उसके निर्माण की लागत कितनी होगी?

Ans A). बॉक्स A: ₹1650 B). बॉक्स B: ₹1800 C). बॉक्स B: ₹1242 D). बॉक्स A: ₹1500

Correct Answer: C

**Q.46** एक कार शहर A से शहर B तक 30 km/hr की चाल से जाती है और 45 km/hr की चाल से वापस आती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 42 km/hr B). 40 km/hr C). 35 km/hr D). 36 km/hr

**Correct Answer: D**

**Q.47** छह वर्ष पहले, A की आयु उस आयु की आधी थी जो अब से छह वर्ष बाद होगी। A की वर्तमान आयु कितनी है?

**Ans** A). 18 वर्ष B). 12 वर्ष C). 13 वर्ष D). 24 वर्ष

**Correct Answer: A**

**Q.48** यदि x:(y+z)=3:8, y:(x+z)=4:11 और x+y+z=4950 है, तो z−y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 840 B). 960 C). 720 D). 1080

**Correct Answer: B**

**Q.49** अरविंद ने ₹x में एक वस्तु खरीदी। उसने इसे बीरू को 19% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹166 खर्च किए और इसे मीनू को 35% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,755 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

**Ans** A). 1,500 B). 1,350 C). 1,450 D). 1,400

**Correct Answer: D**

**Q.50** 32 − 5 of (17 − 12) + 4 × 7 − 6 ÷ 3 को सरल कीजिए।

**Ans** A). 32 B). 35 C). 31 D). 33

**Correct Answer: D**

**Q.51** शब्द DECONGESTED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

**Ans** A). A B). E C). B D). F

**Correct Answer: C**

**Q.52** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TINY' को '2176' के रूप में और 'ANTI' को '7618' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'A' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). 7 B). 6 C). 8 D). 1

**Correct Answer: C**

**Q.53** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

TRY MAT CAN JUG

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में एक से अधिक स्वर होंगे?

**Ans** A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन

**Correct Answer: C**

**Q.54** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
RUG DOF AMP DIM
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं दिखाई देगा?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.55** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LRM IOJ FLG CID ?

**Ans** A). ZER B). ZDS C). ZAF D). ZFA

**Correct Answer: D**

**Q.56** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 ÷ 4 - 38 + 49 × 7 = ?

**Ans** A). 71 B). 61 C). 63 D). 67

**Correct Answer: C**

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y # R - B @ G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

Ans A). भाई की पत्नी की बहन B). भाई की पुत्री C). भाई की पत्नी D). भाई की पत्नी की माता

Correct Answer: A

Q.58 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 35 का संबंध 283 से है। उसी तर्क के अनुसार, 27 का संबंध 219 से है। समान तर्क के अनुसार 41 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 331 B). 310 C). 319 D). 301

Correct Answer: A

Q.59 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ∞ * R M % & H G W π R β U H # * + L ÷ V A Ω H M = A V (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: D

Q.60 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

205 181 157 133 109 ?

Ans A). 89 B). 81 C). 93 D). 85

Correct Answer: D

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TANK' को '9356' के रूप में और 'AUNT' को '6579' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'U' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). 7 B). 6 C). 5 D). 9

Correct Answer: A

Q.62 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा गुरुवार को है। V और R के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U और V के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा U के बाद लेकिन S से पहले है। Q की परीक्षा P से ठीक पहले है लेकिन सोमवार को नहीं है। V और P के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). एक भी नहीं

Correct Answer: C

Q.63 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी सेब, फल हैं।
कुछ फल, मीठे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सेब, मीठे हैं।
(II) सभी मीठे, सेब हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Correct Answer: D

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). FC - EB B). TQ - SO C). MJ - LI D). OL - NK

Correct Answer: B

**Q.65** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में तथा D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

**Ans** A). E B). A C). G D). B

**Correct Answer: D**

---

**Q.66** A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। P सबसे ऊपरी तल पर रहता है। P और G के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। G से नीचे वाले तल पर S रहता है। A किसी सम-क्रमांकित तल पर रहता है। Y किसी विषम-क्रमांकित तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता।
H और G के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). चार B). एक C). तीन D). दो

**Correct Answer: D**

---

**Q.67** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
77 ÷ 11 + 225 × 5 − 126 = ?

**Ans** A). 919 B). 928 C). 914 D). 924

**Correct Answer: B**

---

**Q.68** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). CS-LR B). HX-QW C). VL-EK D). TJ-EI

**Correct Answer: D**

---

**Q.69** A, B, C, D, P, Q और R में से प्रत्येक व्यक्ति की परीक्षा सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q और B के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। R और P के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। D की परीक्षा A से पहले किसी एक दिन तथा C के बाद किसी दिन है। B के बाद केवल P की परीक्षा है।
Q के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). दो B). चार C). छह D). पाँच

**Correct Answer: D**

---

**Q.70** निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म द्वारा अनुसरण किया जाने वाला पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : LMN :: STU : %

**Ans** A). # = IJK, % = VWX B). # = XYZ, % = TUS C). # = MNP, % = TUS D). # = LMP, % = VWX

**Correct Answer: A**

---

**Q.71** स्मिता बिंदु A से चलना शुरू करके उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़कर, 8 km ड्राइव करती है, फिर बाएं मुड़कर, 10 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़कर, 12 km ड्राइव करती है। वह अंतिम बार बाएं मुड़कर, 4 km ड्राइव करती है और बिंदु B पर रुकती है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

**Ans** A). 4 km उत्तर की ओर B). 5 km पूर्व की ओर C). 4 km पश्चिम की ओर D). 5 km दक्षिण की ओर

**Correct Answer: C**

---

**Q.72** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : PLQ :: LHM : %

**Ans** A). # = SOT , % = IEJ B). # = SIT , % = IEQ C). # = SPZ , % = QPJ D). # = PIT , % = IEV

**Correct Answer: A**

---

**Q.73** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
Q, J के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। K और Z दोनों का निकटतम पड़ोसी R है। Z, J के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। P, Z का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
I के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). R B). P C). J D). Q

**Correct Answer: B**

**Q.74** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?

(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

24 - 32 - 42 - 54;
33 - 41 - 51 - 63

Ans A). 21 - 31 - 38 - 40 B). 34 - 42 - 52 - 64 C). 16 - 32 - 42 - 52 D). 18 - 24 - 34 - 52

Correct Answer: B

---

**Q.75** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) + ? & 5 * 1 4 $ ^ / * > % @ 8 & & > / 5 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans A). एक B). दो C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: A

---

**Q.76** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : LNJ :: SUQ : %

Ans A). # = MPK, % = WVX B). # = IKG, % = VXT C). # = PRO, % = VWX D). # = MPK, % = TUS

Correct Answer: B

---

**Q.77** V, W की पत्नी है। W, X का भाई है। X, Y का पिता है। V का Y से क्या संबंध है?

Ans A). पिता के भाई की पत्नी B). बहन के पति C). भाई की पत्नी D). माता की बहन के पति

Correct Answer: A

---

**Q.78** शब्द 'MOURNED' में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर को छोड़कर अगले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans A). M B). Q C). G D). C

Correct Answer: B

---

**Q.79** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) £ V ÷ L ≠ H @ Y S € > K ? V Ω G Z ? U $ A © E @ $ U ω E (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

Ans A). एक B). एक भी नहीं C). तीन D). दो

Correct Answer: D

---

**Q.80** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

201 D 400 A 5 B 2 C 31 = ?

Ans A). 74 B). 70 C). 78 D). 72

Correct Answer: D

---

**Q.81** 2026 में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा विमोचित पुस्तक "टाइड्स ऑफ टाइम: भारत्स हिस्ट्री थ्रू मुरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)" किसने लिखी थी?

Ans A). सुधा मूर्ति B). देवदत्त पट्टनायक C). शशि थरुर D). अमीष त्रिपाठी

Correct Answer: A

**Q.82** **आपदा प्रबंधन में असाधारण कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 से किस संस्थान को सम्मानित किया गया?**

Ans A). भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी B). राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान C). सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण D). राष्ट्रीय आपदा मोचन बल

**Correct Answer: C**

**Q.83** **अप्रैल 2026 में समोआ में आयोजित कॉमनवेल्थ यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 65-किलोग्राम कैटेगरी में किस वेटलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता था?**

Ans A). अभिनव गोगोई B). सुनील सिंह C). हरजिंदर कौर D). जेरेमी लालरिनुंगा

**Correct Answer: B**

**Q.84** **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (CERT-In) ने नई दिल्ली में आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो-2026 के दौरान, अंतरिक्ष साइबर सुरक्षा के लिए एक व्यापक ढांचा और दिशानिर्देश किस संगठन के सहयोग से विकसित किए थे?**

Ans A). एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड B). सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन-इंडिया C). न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड D). इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन

**Correct Answer: B**

**Q.85** **केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा के अनुसार, किस राज्य में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थापित किया जाएगा?**

Ans A). हरियाणा B). ओडिशा C). राजस्थान D). बिहार

**Correct Answer: D**

**Q.86** **मई 2026 में बाओजी सिटी जिम्नेशियम (Baoji City Gymnasium) में आयोजित बाओजी चाइना मास्टर्स सुपर 100 (Baoji China Masters Super 100) बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग में रजत पदक किसने जीता था?**

Ans A). उन्नति हुड्डा (Unnati Hooda) B). श्रीयांशी वालिशेट्टी (Shriyanshi Valishetty) C). एन की युआन (An Qi Yuan) D). मालविका बनसोड (Malvika Bansod)

**Correct Answer: B**

**Q.87** **दिसंबर 2025 में शुरू की गई बाजार पहुंच सहायता (MAS) योजना मुख्य रूप से आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए शुरू की गई थी?**

Ans A). निर्यात को बढ़ावा देना और MSME निर्यातकों का समर्थन करना B). प्रवासियों के लिए शहरी आवास सब्सिडी प्रदान करना C). किसानों के लिए कृषि खरीद में वृद्धि करना D). सार्वभौमिक ग्रामीण स्वास्थ्य बीमा का विस्तार करना

**Correct Answer: A**

**Q.88** **ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित करप्शन परसेप्शन इंडेक्स (CPI), 2025 के अनुसार, 182 देशों में भारत का स्थान क्या था?**

Ans A). 91वां B). 102वां C). 84वां D). 96वां

**Correct Answer: A**

**Q.89** **वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट, 2026 के लिए किस थीम को अपनाया गया था, जिसने भविष्य की चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान खोजने हेतु सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, विचारकों और निजी क्षेत्र के नेताओं को एक साथ लाया गया?**

Ans A). सतत सरकारों को मजबूत करना (Strengthening Sustainable Governments) B). डिजिटल सरकारों को नया रूप देना (Reinventing Digital Governments) C). आधुनिक सरकारों को सशक्त बनाना (Empowering Modern Governments) D). भविष्य की सरकारों को आकार देना (Shaping Future Governments)

**Correct Answer: D**

**Q.90** **2025 में किस ISRO मिशन ने चंद्रमा के बर्हिमंडल पर कोरोनल मास इजेक्शन (CMEs) के प्रभावों का पता लगाया, जो वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धि थी?**

Ans A). चंद्रयान-3 B). आदित्य-L1 C). चंद्रयान-1 D). चंद्रयान-2

**Correct Answer: D**

**Q.91** **वर्ष 2026 में, भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल रिकवरी परीक्षण किस संगठन ने आयोजित किया?**

Ans A). भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) B). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) C). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) D). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

**Correct Answer: B**

**Q.92** **11 मई 2026 को, भारत सरकार ने VB–G RAM G अधिनियम, 2025 को 1 जुलाई 2026 से लागू करने की अधिसूचना जारी की। इसने किस पूर्ववर्ती ग्रामीण रोजगार विधि को प्रतिस्थापित किया?**

Ans A). दीनदयाल अंत्योदय योजना B). महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 C). प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना D). राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

**Correct Answer: B**

**Q.93** फरवरी 2026 में अभ्यास वायुशक्ति-26 (Exercise Vayushakti-26) कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans A). श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर B). कच्छ, गुजरात C). पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर D). लेह, लद्दाख

Correct Answer: C

**Q.94** निम्नलिखित में से किस क्रिकेट टीम ने 2025 में हरियाणा को फाइनल में हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता?

Ans A). कर्नाटक B). झारखंड C). राजस्थान D). पंजाब

Correct Answer: B

**Q.95** इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रकाशित वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (Global Terrorism Index) 2026 के अनुसार, आतंकवाद से संबंधित मौतों में वृद्धि के बाद कौन-सा देश पहले स्थान पर था?

Ans A). इराक B). भारत C). अफगानिस्तान D). पाकिस्तान

Correct Answer: D

**Q.96** मई 2026 में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किस ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की?

Ans A). ब्रह्मोस मिसाइल के हाइपरसोनिक संस्करण का प्रेरण B). हाइपरसोनिक इंजनों के लिए US के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर C). एक सक्रिय रूप से प्रशीतित स्क्रैमजेट कंबस्टर का सफल दीर्घकालिक भू-परीक्षण D). प्रथम ऑपरेशनल हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण

Correct Answer: C

**Q.97** जनवरी 2026 में प्रकाशित पुस्तक 'जनरल ब्रासस्टैक्स: द सुंदरजी स्टोरी (General Brasstacks: The Sundarji story)' किसके द्वारा लिखी गई है?

Ans A). शिव कुणाल वर्मा B). श्रीनाथ राघवन C). अर्जुन सुब्रमण्यम D). प्रोबल दासगुप्ता

Correct Answer: D

**Q.98** मार्च 2026 में, भारत ने किस देश के साथ प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्रवाई पर सहयोग के लिए पर्यावरण सहयोग (Environmental Cooperation) पर समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया?

Ans A). स्वीडन B). नॉर्वे C). डेनमार्क D). फिनलैंड

Correct Answer: D

**Q.99** 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक आयोजित 24वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता किस राज्य में हुई थी?

Ans A). महाराष्ट्र B). तमिलनाडु C). गुजरात D). कर्नाटक

Correct Answer: D

**Q.100** 2025 भारत-पाकिस्तान संकट का कारण क्या था?

Ans A). सीमा पार गोलाबारी B). सिंधु जल संधि का निलंबन C). कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला D). राजदूतों का राजनयिक निष्कासन

Correct Answer: C

"